मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-588**
**10/09/2026**

# मुख्यमंत्री ने अपनी मां एवं तारापुर की पूर्व विधायक स्व० पार्वती देवी जी की पुण्य तिथि पर किया नमन, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

पटना, 10 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज अपनी स्व0 माताजी एवं तारापुर की पूर्व विधायक स्व० पार्वती देवी जी की पुण्य तिथि पर मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड के तारापुर स्थित बी0एड0 कॉलेज, पार्वती नगर पहुंचे और स्व० पार्वती देवी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपनी मां को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने अपनी मां को स्मरण करते हुए कहा कि मातृशक्ति के रूप में उनका स्नेह, संस्कार और सेवा भावना सदैव स्मरणीय रहेगा। स्व० पार्वती देवी जी का जीवन और उनके दिए संस्कार आनेवाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरणा देती रहेगी। उनकी पुण्य स्मृतियां सदैव परिवारजनों और शुभचिंतकों के हृदय में जीवंत रहेंगी।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री शकुनी चौधरी जी ने अपनी धर्मपत्नी स्व० पार्वती देवी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी स्व0 पार्वती देवी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री कुमार शैलेंद्र, विधायक श्री कुमार प्रणय, विधायक श्री ललित नारायण मंडल, विधायक श्री मनीष कुमार, पूर्व विधायक श्री राजीव कुमार सिह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, मुंगेर के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, मुंगेर के जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पाणीकर, मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित अन्य वरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

******